26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026

अंक- 84 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## रुपया लेकर पट्टा करने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई- योगी

**गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आयोजित जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस भी गांव में रुपया लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आज सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद



चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना-पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में एक महिला ने गांव में गरीबों के जमीन पट्टा आवंटन में अनियमितता की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जहां भी रुपया लेकर जमीन पट्टा दिया गया हो, वहां संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

# हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध

## रील बनाना भी पूरी तरह वर्जित...

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** यहां हर की पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिये गये हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हर की पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हर की पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नज़र आ रहे थे। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की।




सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हर की पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और इससे माहौल खराब हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों श्रीगंगा सभा की ओर से हरिद्वार के घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा है। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि वीडियो की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। माहौल बिगाड़ने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है। वहीं, सचिव उज्जवल पंडित ने कहा कि पूरे प्रकरण की सूचना चौकी पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवकों की पहचान की जा रही है।

## बदायूं में बवाल

### गैर समुदाय के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने रोकी प्रभातफेरी

**इस्लामनगर ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में आज भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभातफेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया, जबकि यह प्रभातफेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभातफेरी को रोकने का प्रयास किया था और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। दूसरे समुदाय के लोगों की शिकायत के बाद आज सुबह पांच बजे इस्लामनगर थाने की पुलिस गांव ब्योर पहुंची। इस बीच लोग प्रभातफेरी निकालने पर अड़ गए। लोगों के गुस्से को देखकर बिल्सी, उघैती पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पीएसी बटालियन भी बुला ली गई। देखते ही देखते एसडीएम बिसौली राशि कृष्णा, सीओ बिल्सी मौके पर पहुंच गए। करीब आठ बजे पुलिस ने भक्तों पर लाठीचार्ज कर दिया।

## महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में भाजपा ने बनाई शुरुआती बढ़त

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों की मतगणना के दौरान कई प्रमुख शहरों से शुरुआती रुझान सामने आने लगे हैं। अब तक उपलब्ध रुझानों के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला गठबंधन कई क्षेत्रों में बढ़त बनाए हुये है। हाई-प्रोफाइल मुंबई नगर निगम में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की महायुति ने शुरुआती बढ़त हासिल की है। शुरुआत में बड़े अंतर से पीछे चल रहा ठाकरे बंधुओं का गठबंधन हालांकि अब अंतर कम करता नजर आ रहा है। ताजा रुझानों के मुताबिक, भाजपा-शिवसेना (शिंदे) गठबंधन 61 सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि उद्धव ठाकरे गुट-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) गठबंधन 37 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। कांग्रेस 10 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा पुणे, कल्याण-डोंबिवली और नवी मुंबई नगर निगमों में भी बढ़त बनाये हुये है, जबकि ठाणे में शिवसेना (शिंदे गुट) ने बढ़त बना ली है। मुंबई, ठाणे, पुणे और नागपुर नगर निगमों के नतीजों पर खास नजर रखी जा रही है। इनके नतीजों से राज्य की राजनीतिक तस्वीर पर बड़ा असर पड़ सकता है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल


### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्


**शनिवार, 17 जनवरी 2026**

मेष- समय आशा के विपरीत, मानसिक अशांति, पारिवारिक कष्ट, धनहानि, मित्रों-सुपरिचितों से असहयोग, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यर्थ भ्रमण।

वृषभ- अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आकस्मिक लाभ का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण।

मिथुन- ग्रहस्थिति अनुकूल, समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन की ओर रुचि, आनन्द की अनुभूति।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, विरोधी का षड्यन्त्र विफल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, परिवारिक जीवन आनन्दमय, धर्म के प्रति आस्था।

सिंह- स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता, संकल्प-विकल्प से हानि, परिवार में किसी सदस्य के अवस्थ होने की मानसिक बेचैनी, नवसमस्याएं उत्पन्न, भौतिक सुख में कमी।

कन्या- दिनचर्या व्यवस्थित, व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, वाद-विवाद का समापन, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

तुला- सामयिक कार्यों में सफलता, अर्थपक्ष में सफलता की स्थिति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आय के नवीन साधन उपलब्ध, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा सफल।

वृश्चिक- दिनचर्या व्यवस्थित, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, जीवन साथी से सामंजस्य, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, प्रतियोगिता में सफलता, घरेलू वातावरण सुखद।

धनु- ग्रहस्थिति विपरीत, आशानुकूल सफलता में विलम्ब, धर्म के प्रति अरुचि, उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्यक्षमता में कमी का अहसास।

मकर- कार्य-व्यवसाय में सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, सुख के साधन सुलभ।

कुम्भ- भाग्योन्नति हेतु प्रयास, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, धन संचय में प्रवृत्ति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

मीन- व्यापारिक उन्नति, परोपकार की भावना जागृत, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का पूर्ण समाधान, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुचि।


एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


# एरोसन कंपनी की मीटिंग में नगीना के पेंटर हुए पुरस्कृत

**नगीना में साईं पेंट के स्वामी गौरव शर्मा की देखरेख में पेंटर भाइयों की आयोजित हुई संवाद कार्यशाला**




नगीना में एरोशन पेंट कंपनी द्वारा आयोजित पेंटर भाइयों की बैठक में उन्हें व वितरक गौरव शर्मा को सम्मानित करते कंपनी प्रतिनिधि।

**नगीना (चिंगारी)।** एरोसन पेंट और कोटिंग इंडिया (हरिद्वार) के तत्वाधान में आयोजित पेंटर संवाद गोष्ठी में कंपनी व उसके उत्पादों की गुणवत्ता विषय पर खूब चर्चा हुई।

बृहस्पतिवार की रात्रि धामपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित पेंटर संवाद व मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के मार्केटिंग हेड अमित चौहान, एएसएम सोनू शर्मा, एसओ राहुल शर्मा द्वारा स्थानीय वितरक साईं पेंट के स्वामी गौरव शर्मा की मौजूदगी में किया गया। कंपनी के मार्केटिंग हेड अमित चौहान ने एरोसन पेंट के बारे में नगर के प्रमुख पेंटर को पेंट्स की गुणवत्ता के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में बेहतर क्वालिटी का चयन करना सबसे बड़ी चुनौती है और हमारी कंपनी इस चुनौती को स्वीकार करते हुए बाजार में है। उन्होंने कहा कि सिर्फ ग्राहक तक हमारा प्रोडक्ट आप एक बार पहुंचाएं, फिर विश्वास हमेशा कायम रहेगा। इस मौके पर सभी पेंटर भाइयों व वितरक गौरव शर्मा को कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर कुलदीप सैनी, शहजाद, अनिल सैनी, विजय कुमार, नंदकिशोर, बंटी कुमार, राहुल, राजेश कुमार, चंद्रकांता, राणा पेंट रायपुर व बालाजी ट्रेडर्स के स्वामी भी मौजूद रहे।



# आपके अनुसार..

## अमेरिका की दादागिरी बर्दाश्त न करें मोदी जी



**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर में बिजनौर रोड पर क्लीनिक करने वाले चिकित्सक डा. परमजीत सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका की दादागिरी बिल्कुल बर्दाश्त न करें मोदी जी। अब हमारे देश का युवा अमेरिका के युवा से कई गुना बेहतर है और देश की तरक्की के लिए हर क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है, तो मोदी जी को बिल्कुल भी अमेरिका की चिंता नहीं करनी चाहिए। देश की तरक्की में हमारे भारत का युवा पूरे विश्व के युवा से सबसे आगे है।

## यह 1947 वाला भारत नहीं



रालोद के जिला महासचिव डा. विपिन तोमर ने कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को अपनी तानाशाही में लेना चाह रहे हैं, लेकिन भारत 1947 का भारत नहीं है। आज सशक्त भारत है, सशक्त नेतृत्व है और भारत की जनता अपनी सरकार से मांग करती है की ट्रंप के आगे झुकने की कोई आवश्यकता नहीं। भारत की जनता सरकार के साथ कंधे से करना मिलाकर चलने का काम करेगी।

## देशहित में निर्णय करें



गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय के भूतपूर्व कार्यालय अधीक्षक गजराज सिंह का कहना है कि ताकतवर व्यक्ति कमजोर व्यक्ति को दबाने का प्रयास करता है, यही दुनिया में हो रहा है। अमेरिका एक सम्पन्न देश है तथा अपनी ताकत के बल पर कमजोर देशों को दबाने और कुचलने का प्रयास अमेरिका राष्ट्रपति कर रहे हैं। अमेरिका भारत को भी दबाना चाहता है तथा मनमाना टेरिफ लगाकर भारत को अनैतिक रुप से अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहा है, जो घोर निंदनीय है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को संयम बरतते हुए देश हित में जो उचित हो वो कदम उठाना चाहिए।

# पुलकित हॉस्पिटल में श्रद्धापूर्वक मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व



**बिजनौर (चिंगारी)।** गुरुवार को बैराज रोड स्थित पुलकित मैमोरियल हॉस्पिटल के परिसर में स्थित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पुलकित हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरीश कुमार मित्तल ने विशेष पूजा-अर्चन की। पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर परिसर में भण्डारे के रूप में खिचड़ी बनाकर समस्त स्टाफ एवं भक्तजनों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मेरा विरोध कर रहे 3 मालदार फिर भी मेरी जीत होगी शानदार

**बाबू बलवंत सिंह ने चिंगारी से कहा**

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल का 8वीं बार चुनाव लड़ रहे निवर्तमान सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बाबू बलवंत सिंह ने चिंगारी को दिये एक बयान में कहा कि बिजनौर नगर के तीन मालदार व्यक्ति जमकर उनका विरोध कर रहे हैं, लेकिन जनपद के वकील पूरी तरह उनके (बलवंत सिंह) साथ हैं और उनकी जीत अवश्य होगी। बाबू बलवंत सिंह ने अपना समर्थन करने वाले सभी वकीलों व अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने हमेशा वकीलों के हित में काम किया है और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो 3 मालदार लोग मेरा विरोध कर रहे हैं, उनके मंसूबे सफल नहीं होंगे। इस बार भी वकीलों के सहयोग से मेरी जीत निश्चित है। बता दें कि उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के लिये आज व कल मतदान होगा।



# शर्मसार हुई मानवता, 24 घंटे बाद उठी महिला की अर्थी

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** पड़ोसी की दबंगता के चलते रास्ते पर कब्जा करने के कारण 24 घंटे तक महिला का शव घर के अंदर ही रख रहा। शिकायत करने पर पुलिस ने रास्ते में बने शौचालय के ऊपर से शव को निकलवाया।

क्षेत्र के गांव महमूदपुर भावता निवासी सोनू कुमार की पत्नी ज्योति (30 वर्ष) पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थी। बुधवार को लंबी बीमारी के बाद ज्योति की मृत्यु हो गई। सोनू के पास लगभग 50 गज सरकारी पट्टा की भूमि है। पड़ोस के ही रहने वाले टीकम के पास भी 100 गज का सरकारी भूमि का पट्टा है। सोनू के घर के सामने कुछ भूमि पर रविदास धर्मशाला है। सोनू व टीकम का परिवार का एक रास्ता है। टीकम ने शौचालय का निर्माण कर रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है। सोनू का कहना है कि उसने कई बार रास्ता खुलवाने की मांग की किंतु उसकी सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को सोनू की पत्नी ज्योति का निधन हो गया। रास्ता छोटा होने के कारण उसकी पत्नी की अर्थी निकालने में परेशानी हो रही थी। सोनू ने गांव वालों को बुलाकर शव निकलवाने के लिए रास्ता खुलवाने का आग्रह किया, किन्तु किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। हार-थककर सोनू ने गुरुवार को टीकम व विजय सिंह के खिलाफ पुलिस थाने में तहरीर दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शौचालय के ऊपर से ही महिला की अर्थी को निकलवाया।

कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के चलते मृतका के पति सोनू की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। बृहस्पतिवार को हल्का लेखपाल सुनील कुमार ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की और उच्च अधिकारियों को यथास्थिति से अवगत कराया।

# गर्भवती के ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप, हंगामा



**धामपुर ( चिंगारी )।** कालागढ़ मार्ग स्थित एक अस्पताल में एक गर्भवती महिला का लेडी डाक्टर द्वारा गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने गुरुवार की शाम को जमकर हंगामा किया।

आरएसएम तिराहे के पास स्थित मैक्स हॉस्पिटल में तीन जनवरी को एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और आनन-फानन में उसे बाहर रैफर कर दिया गया।

क्षेत्र के गांव नसीरपुर बनवारी निवासी राहुल कुमार पुत्र भगीरथ सिंह ने बताया कि तीन जनवरी को प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने अपनी 30 वर्षीय पत्नी दीपा रानी को मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

आरोप है कि अस्पताल में मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. प्रीति सिंह ने पहले सामान्य प्रसव की बात कही, लेकिन कुछ घंटे बाद बच्चे को खतरा बताते हुए तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी और इसके लिए 25 हजार रुपये जमा करा लिये।

परिजनों का कहना है कि डॉ. प्रीति सिंह ने एक अन्य चिकित्सक सोनू के साथ मिलकर ऑपरेशन किया, लेकिन करीब आधे घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ने की बात कहकर उसे रैफर कर दिया गया। इसके बाद महिला को धामपुर के एक अन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मुरादाबाद भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया है। फिलहाल मां-बच्चा दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन गुरुवार शाम अस्पताल पहुंचे और हंगामा किया। उन्होंने संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।

## बिना डिग्री के ऑपरेशन का आरोप

परिजनों का आरोप है कि संबंधित महिला चिकित्सक के पास सर्जरी करने की डिग्री नहीं है। उनके पास केवल बीयूएमएस की डिग्री है, इसके बावजूद वह ऑपरेशन कर रही हैं। अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर डॉ. प्रीति सिंह का नाम तो अंकित है, लेकिन किसी भी डिग्री का उल्लेख नहीं किया गया है। केवल स्त्री रोग विशेषज्ञ लिखा हुआ है। इस संबंध में डॉ. प्रीति सिंह ने बीयूएमएस डिग्री होने की बात स्वीकार की और कहा कि अन्य स्थानों पर भी कई डाक्टर इस तरह के ऑपरेशन कर रहे हैं।

# खेत की मेंढ पर पेड़ लगाने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले

**नहटौर ( चिंगारी )।** खेत की मेंढ पर पेड़ लगाने को लेकर पहाड़पुर चतर में दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के व्यक्ति पर उसके पड़ोसी, पत्नी और पुत्र ने मिलकर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। ग्राम निवासी राजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह अपने खेत की मेंढ पर पॉपुलर के पेड़ लगवा रहे थे। इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी ने अपने पुत्र और पत्नी के साथ मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दी।


नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957



Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## आधी आबादी की समस्याएं अंतहीन

द लांसेट की रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले तीन दशकों में 1.2 करोड़ कन्या, भ्रूण हत्याएं हुईं। यह गैर कानूनी है लेकिन कानून का डर कहीं नजर नहीं आता। राष्ट्रीय अपराध सांख्यिकी ब्यूरो के मुताबिक प्रति घंटे में दहेज के कारण एक दुल्हन की मौत हो जाती है। ये सरकारी आंकड़ें हैं और असली तस्वीर शायद अधिक भयावह होगी। पिछले दशक में करीब दस लाख लोगों की तस्करी की गई, जिसमें अधिकांश महिलाएं थीं। सीबीआई की एक रिपोर्ट कहती है कि 90 प्रतिशत तस्करी देश की सीमाओं में ही हुई। सीबीआई के मुताबिक अब भी देश में तीस लाख से ज्यादा वेश्याएं हैं। यह तस्करी यौन शोषण के मकसद के अलावा जबरन सस्ती मजदूरी कराए जाने के मकसद से भी होती हैं। महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति के मामले में भारत 17 वें नम्बर पर है। वह चीन और सऊदी अरब से आगे है। बेशक 2009 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा महिलाएं जीत कर संसद में पहुंची लेकिन यह सवाल आज भी कायम है कि अपवाद को छोड़कर राजनीति में महिलाओं की स्वतंत्र पहचान मजबूती के साथ उभर कर सामने क्यों नहीं आ पा रही है? कुछ साल पहले देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव हुए। इनमें महिला उम्मीदवारों की तस्वीरों के साथ-साथ प्रायः उनके घर के पुरुषों (पति, पुत्र व ससुर आदि) की तस्वीरें भी पोस्टरों, पर्चों में छपीं थीं। यानी महिला उम्मीदवारों की पहचान उनके पुरुष रिश्तेदारों के जरिए कराई गई, जबकि पुरुष उम्मीदवार ऐसा रास्ता प्रायः नहीं अपनाते। लखनऊ भी इसका अवपाद नहीं रहा जो प्रदेश की राजधानी होने के कारण साक्षरता व विकास के दूसरे मापदंडों पर अन्य क्षेत्रों और गांवों से बेहतर है। जब यहां यह आलम है तो दूसरी जगहों की सहज कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को पुरुषों के संरक्षण से बाहर निकालना सामाजिक व्यवस्था व सरकार दोनों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। अपने देश में एकल महिलाएं, चाहे वह विधवा हो या कुंआरी, परित्यकता हो या तलाकशुदा--उनकी दुश्वारियों का कहीं अंत नजर नहीं आता। समाज उन्हें देख विचित्र तरह से व्यवहार करता है, जिसमें तिरस्कार की धारणा भी हावी रहती है।

# कुरआन हिफ्ज़ करने पर 11 बच्चों की दस्तारबंदी



**नगीना (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला काज़ी सराय स्थित मदरसा फैजुल कुरआन में आयोजित कार्यक्रम में ग्यारह बच्चों के मुकम्मल कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर उनकी दस्तारबंदी के बाद हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम की सदारत मास्टर एहसानुदीन फारूकी ने की, जबकि निजामत मुफ्ती मुहम्मद इलियास ने की। शाफे आलम की तिलावतें कलामे पाक से कार्यक्रम का आगाज़ हुआ,जबकि मुहम्मद आरिश ने बरगाहे रिसालत में नाते पाक का हदिया पेश किया। मेहमाने खुसूसी इमाम मस्जिद सल्लाह वाली मुफ्ती मुशाहिद ने कलामे पाक की अजमत को बयान करते हुए कहा कि हाफिज कुरआन होना एक बड़ी अजमत वाली बात है। कयामत के दिन इन्हीं हाफिज के सर पर बेहद खूबसूरत ताज होगा और यही हाफिज अपने खानदानों के लोगों की मगफिरत के जरिया बनेंगे। इस मौके पर कुरआन हिफ्ज करने वाले मुहम्मद मुनीर, मुहम्मद जर्रार, मुहम्मद अल्तमश, मुहम्मद उमेर,अब्दुल रहमान, मुहम्मद जुबैर, मुहम्मद गुलफाम, मुहम्मद उस्मान, फरमान अहमद, हमीम फारूक, मोहम्मद जीशान की दस्तारबंदी की गई। साथ ही राब्ता ए मदारिस अरबिया दारुल उलूम देवबंद की ओर से चार बच्चों को इनाम से नवाजा गया। मुहम्मद शायान, मुहम्मद उस्मान, मुहम्मद अल कमर, मुहम्मद गुलफाम, मुहम्मद जर्रार, अब्दुल हन्नान, मुहम्मद अम्मार, मुहम्मद इमरान आदि ने विभिन्न दीनी विषयों पर अपनी-अपनी तकरीर पेश की। मास्टर सरफराज अहमद ने मदरसे के 50 साल पूर्ण होने पर मदरसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### इनकी भी मौजूदगी रही

इस मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मुहम्मद कफील अहमद मुजाहीरी, मौलाना अब्दुल बाकी, हाफिज रफीक अहमद, मुफ्ती फहीम अहमद, मुफ्ती बिलाल अहमद, मौलवी कमरुद्दीन, मुफ्ती कमर आलम, हाफिज करीमुद्दीन, मौलाना वारिस, मौलवी अतिकुर्रमान कासमी, हाफिज रफीक, कारी हुसैन अहमद, हाफिज नासिर, मास्टर सरफराज अहमद, मास्टर मुहम्मद अनस, मास्टर इस्लाम अख्तर, मास्टर साबिर, हाफिज अहसान, हाफिज मुहम्मद आरिफ, अब्दुल वहाब, सभासद मुहम्मद अहमद, नजाकत अली, मुहम्मद हारून आदि की मौजूदगी रही।

## नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाया डिम्पल यादव का 48वां जन्मदिवस

**शेरकोट (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी एवं सांसद श्रीमती डिम्पल यादव का 48वां जन्मदिन संगठनात्मक एकता के साथ भव्य नारी शक्ति दिवस के रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में केक काटकर डिम्पल यादव की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की गई। युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अर्श के मोहल्ला शेखान स्थित आवास पर देर शाम आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन एवं सपा जिला उपाध्यक्ष शेख कमरुल इस्लाम उपस्थित रहे।



उन्होंने संयुक्त रूप से केक काटते हुए डिम्पल यादव को समाजवादी विचारधारा की सशक्त पहचान बताते हुए कहा कि वे नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की सच्ची प्रतिनिधि है। उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन जनसेवा, संघर्ष और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने सदैव गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं की समस्याओं को संसद में पूरी मजबूती के साथ उठाया है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बरकत अब्बासी, युवजन सभा के नगर अध्यक्ष शमशाद मिर्जा, दानिश अजीम, फईम कुरैशी, मीनू मेम्बर, जैद मूसा आदि मौजूद रहे।

## पैजनिया में चिंगारी कार्यालय पर हुआ विशाल भण्डारा



**पैजनिया (चिंगारी)।** गांव पैजनिया स्थित चिंगारी कार्यालय पर मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को पैजनिया चौराहा स्थित 'चिंगारी' कार्यालय पर पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे में सैकड़ों की तादाद में उमड़े राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डा. अमानत अली, संजीव शर्मा, विनय मोहन शर्मा, नरेंद्र सिंह अहलावत, सरदार हरमेंद्र सिंह, डा.सज्जन, मानपाल सिंह, गौरव त्यागी, संजय त्यागी के अलावा सुल्तान अहमद, प्रीतम सिंह, फुरकान मलिक, राजू सैनी, दीपक सैनी, महेंद्र सैनी, सौरभ प्रजापति, जोगेंद्र सिंह, गोविंद सैनी, मा. सुभाष त्यागी, सुशील त्यागी फौजी, मानसिंह, धीरज त्यागी, चमनीश त्यागी, बबलू त्यागी समेत दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए आपदा मित्र लखनऊ रवाना

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह के अध्यक्षता में आपदा मित्रों को प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना किया गया। इस अवसर पर वान्या सिंह ने कहा कि जिले में युवा आपदा मित्र योजना के तहत द्वितीय चरण में 50 स्वयंसेवक आपदा का सामना करने में सक्षम बनेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जिले में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने एनसीसी, एनएसएस व एनजीओ में से इन स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। इन




सभी को 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ लखनऊ भेजा गया है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। आपदा मोचक निधि से आपदा मित्र परियोजना संचालित की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम चरण में प्रशिक्षण को 50 आपदा मित्र गुरुवार सुबह एसडीआरएफ लखनऊ भेजे गये हैं। 16 जनवरी (आज) से इनका 12 दिवसीय प्रशिक्षण होगा।

# रोड क्रॉस कर रही वृद्धा को डम्पर ने कुचला, मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** गुरुवार की शाम एक वृद्ध महिला हाईवे पर स्थित चुंगी नंबर पांच के निकट सड़क पार कर रही थी। इस दौरान धामपुर की ओर से तेज़ गति में आ रहे रेत से भरे डंपर ने वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई। वृद्धा के ऊपर से डंपर उतर जाने के कारण उसका शरीर पिस गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, परंतु शव क्षत-विक्षत हो जाने के कारण महिला की पहचान नहीं हो सकी। महिला के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान नफीसा खातून (80 वर्ष) पत्नी अब्दुल सत्तार निवासी मोहल्ला खुराड़ा शेरकोट के रूप में हुई। घटना के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया।



पुलिस ने सड़क पर बिखरे शव को एकत्रित कर पोस्टमार्टम हेतु सीएचसी धामपुर की मोर्चरी में भेजकर यातायात बहाल करा दिया। घटना की सूचना दिये जाने पर परिजन सीएचसी धामपुर पहुंचे। घटना के बाद डम्पर चालक ने कुछ दूर आगे जाकर डम्पर को रोक दिया, जिसे पुलिस अपने साथ थाने ले गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि डम्पर और चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### खुशियां मातम में बदलीं

मृतका नफीसा खातून के पौत्र नजाकत की पुत्री रहमत की एक मैरिज हॉल में शादी थी। बताया जाता है कि नौगांवा से उसकी बारात आई थी। शाम को बारात विदा होने के बाद घर मेहमानों से भरा हुआ था, कि ये हादसा हो गया। घटना की सूचना घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि विदाई के बाद रास्ता भटकने के कारण नफीसा खातून घर के बजाय चुंगी नंबर पांच पर पहुंच गई, जहां ये दर्दनाक हादसा हो गया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा ध्वस्त किये जाने की निंदा, आंदोलन की चेतावनी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पाल महासभा ने बनारस के मणिकर्णिका घाट पर बने मंदिर में महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा ध्वस्त किये जाने पर आक्रोश जताते हुए वहां महारानी अहिल्याबाई की प्रतिमा तुरंत लगाये जाने की मांग की गई। ऐसा न होने पर देशव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।



यहां बिजनौर रोड स्थित अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. लाखन सिंह पाल के आवास पर प्रधान डा. इंद्रपाल सिंह पाल की अध्यक्षता एवं नितिन पाल के संचालन में संपन्न हुई बैठक में बनारस मणिकर्णिका घाट पर बने मंदिर में महारानी अहिल्याबाई की प्रतिमा को सरकार द्वारा ध्वस्त किए जाने की घोर निंदा की गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. लाखन सिंह पाल ने कहा कि हमारी राजनीति की प्रेरणा स्रोत महारानी अहिल्याबाई होल्कर हमारी आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने सोमनाथ मंदिर सहित पूरे देश में मंदिरों का निर्माण कराया था। आज ऐसी महान विभूति की प्रतिमा को तोड़ा जाना निंदनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह घोषणा करे कि उनकी नई प्रतिमा लगाएंगे, यदि बनारस प्रशासन ऐसा नहीं करता तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन मणिकर्णिका घाट पर ही होगा, जिसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।

बैठक में पतराम सिंह पाल, जयप्रकाश सिंह पाल, रोहित पाल, महेंद्र पाल, अनिल पाल, नरेश पाल, डॉ. दिव्यंक प्रकाश सिंह पाल, डॉ. अंशु पाल, रूपवती पाल, लोकेश पाल, गजरामपाल, जोगिंदर पाल, रामपाल, गुरुदेव पाल आदि मौजूद रहे।

# कढ़ी-चावल का भण्डारा किया



**पैजनिया ( चिंगारी )।** गुरुवार को पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे में सैकड़ों की तादाद में उमड़े राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डा. अमानत अली, संजीव शर्मा, विनय मोहन शर्मा, नरेंद्र सिंह अहलावत, सरदार हरमेंद्र सिंह, डा.सज्जन, मानपाल सिंह, गौरव त्यागी, संजय त्यागी के अलावा सुल्तान अहमद, प्रीतम सिंह, फुरकान मलिक, राजू सैनी, दीपक सैनी, महेंद्र सैनी, सौरभ प्रजापति, जोगेंद्र सिंह, गोविंद सैनी, मा. सुभाष त्यागी, सुशील त्यागी फौजी, मानसिंह, धीरज त्यागी, चमनीश त्यागी, बबलू त्यागी समेत दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनाया डिम्पल का जन्मदिन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर श्रीमती डिम्पल यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया तथा उनकी लम्बी उम्र की कामना की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि पार्टी की उन्नति व तरक्की के लिए संघर्ष करते हुए 2027 के चुनाव में सपा की सरकार बनायेंगे। उत्तर प्रदेश की जनता को जंगलराज से तभी छुटकारा मिलेगा।



कार्यक्रम अख़लाक़ पप्पू के संचालन में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य रूप से गजेंद्र देवल, प्रभा चौधरी, वीके कश्यप एड., हनी फैसल, हाजी जावेद राईन, राधा सैनी, देवानन्द भुईयार, भानुप्रताप सिंह, संजय पाल, सुहेब भूरा, सरफराज़, कामिल आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति श्रद्धापूर्वक मनाई अनेक स्थानों पर खिचड़ी खिलाई

### कुष्ठ रोगियों को बांटी खाद्य सामग्री

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में मकर संक्रांति पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर खिचड़ी का वितरण किया गया, जबकि अग्रवाल महिला सभा की ओर से कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।

अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरु गुप्ता व सचिव कल्पना गोयल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नगर के बास्टा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री दी।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने जाहरवीर दीवान मंदिर बजरिया में खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर श्रीमती विजय अग्रवाल, डा. मंजू मित्तल, मीनू गर्ग, रति अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, कंचन गर्ग, शशि मित्तल, प्रीति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मणिका गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, सुषमा गुप्ता, सुधा मित्तल, शिवा तायल, वैशाली तायल, रूपाली गर्ग, मधु बंसल, मधुर गुप्ता, नीतू गुप्ता, कनक अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

फोटोग्राफी एसोसिएशन चांदपुर की ओर से भी खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अखिल कुमार, संदीप गर्ग, मानव भारद्वाज, पीयूष, नकुल, सहदेव, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र शर्मा, चमन, रजनीश, पुखराज, रुद्राक्ष, सुरेश कुमार, आशु गोयल आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर्व पर, वितरित किये शॉल, कंबल, स्वेटर

## सत्यधाम धर्मशाला में हुआ आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय हरिश्चन्द वंशीय रस्तौगी सभा, धामपुर द्वारा गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शॉल, कंबल, स्वेटर एवं चरण पादुकाएं वितरण कार्यक्रम का आयोजन सत्यधाम धर्मशाला, टीचर्स कॉलोनी, धामपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना एवं सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्वेत रस्तौगी (राष्ट्रीय महामंत्री, युवा प्रकोष्ठ) ने समाज के युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए प्रेरित किया तथा आगामी होली मिलन कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की।



मकर संक्रांति के अवसर पर वस्त्र वितरण करते संस्था के पदाधिकारी।

कार्यक्रम में सभा के संरक्षक राकेश रस्तौगी, अध्यक्ष संजय रस्तौगी, महामंत्री प्रमोद रस्तौगी, कोषाध्यक्ष मनोज रस्तौगी सहित राजीव रस्तौगी, राजकुमार रस्तौगी, अक्षत रस्तौगी, विष्णु रस्तौगी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद रस्तौगी द्वारा किया गया। वस्त्र वितरण कार्य में सुमन रस्तौगी, ज्योति रस्तौगी, चंचल रस्तौगी, ऋचा रस्तौगी, प्रियांशी रस्तौगी, मणिका रस्तौगी, शिवांगी रस्तौगी, सीमा रस्तौगी एवं स्वाति रस्तौगी का योगदान रहा।

# सुमन परिवार ने स्टाल लगाकर खिचड़ी बांटी नगीना चौराहे पर

**धामपुर ( चिंगारी )।** मकर संक्रांति के पर्व पर नगीना चौराहे पर आर एस एम इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक सूर्यकांत सुमन, हरिकांत सुमन के परिवार की ओर से खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म में अधिकांश त्यौहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं। मकर संक्रांति का पावन पर्व सूर्य के उत्तरायण होने के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि सूर्य भगवान समस्त प्रकृति को ऊर्जा प्रदान करने वाले हैं। मकर संक्रांति पर मौसम में परिवर्तन महसूस होने लगता है। उन्होंने इस अवसर पर समस्त समाज के वैभव की कामना की। इसके अलावा टीचर्स कॉलोनी के पास श्री सिद्धबली सेवा समिति द्वारा भी खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विवेक चौहान, अजय नंदन, पंकज कुमार, गौरव चौहान, ठेकेदार मुकेश रावत, अवनीश चौहान, अंशुमान ठाकुर, अर्पित चौधरी, डॉक्टर शिवेंद्र कुमार, अनुराग चौहान, डॉक्टर आशुतोष बिश्नोई, अंकुर चौहान, सहदेव, प्रतीक शर्मा, आदि ने खिचड़ी वितरण किया।


टीचर्स कॉलोनी के बाहर खिचड़ी वितरण करते हुए युवक।

# खिचड़ी के साथ कंबल व गर्मवस्त्र बांटे



**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षत्राणि महिला ग्रुप द्वारा नूरपुर-धामपुर मार्ग पर स्थित ग्राम मौजमपुर जैतरा में मकर संक्रांति के पर्व पर गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी प्रसाद तथा गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में करणी सेना की जिला अध्यक्ष शोभा राजपूत, संगठन मंत्री निर्देश, महामंत्री मंजू, पूनम, समाज सेवक हिमाचल, अनीता, लता, मंशा, पालेश, ज्योति आदि उपस्थित रही।

# आसपा के समर्थन के बिना कोई सरकार नहीं बन सकती : फहीम आढ़ती



**धामपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष फहीम आढ़ती ने आने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशियों को एक जुटता के साथ चुनाव लड़ाने के साथ कहा कि, 2027 के चुनाव में कोई भी राजनीतिक दल आजाद समाज पार्टी समर्थन के बिना सरकार नहीं बना सकता। यहा जारी एक प्रेस नोट में फहीम आढ़ती ने कहा कि, आजाद समाज पार्टी की पूरे प्रदेश में पकड़ मजबूत हो रही है। मजबूत पकड़ को देख सभी अन्य दल बौखलाए हुए हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान कर कहा कि, वह पार्टी मुखिया एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की जनहित जैसी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर आजाद समाज पार्टी को मजबूत बनाएं, जिससे दलित, अगड़े, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज सहित दबे-कुचले समाज का उत्थान व विकास हो सके। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता जनमानस की निस्वार्थ सेवा कर लोगों के कामों को पूरा करने के करने में सहयोग करें।

# बिजली के तारों में आग लगी, मौहल्ले में खलबली मची

**धामपुर ( चिंगारी )।** आज प्रात: 6.30 बजे मोहल्ला लोहियान स्थित इलाहाबाद बैंक के निकट तारों में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। मोहल्लेवासियों ने इसकी सूचना तुरंत हाइडिल विभाग को दी जिस पर उन्होंने लाइन बंद करके बिजली के तारों को ठीक कराया। जिस स्थान पर तारों में यह आग लगी थी उसी स्थान पर सुबह के समय सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाकर उनको नगर के विभिन्न मोहल्ले में भेजा जाता है। परंतु घना कोहरा और शीत लहर के कारण उस वक्त इस मार्ग से कम राहगीर गुजर रहे थे। बताया जाता है कि ओवरलोड के कारण इन तारों में आग लग गई थी।

# संस्कृति के गले पर कसता शिकंजा, प्रशासन मौन, ज़िम्मेदार कौन?

**डॉ. राजेंद्र चौधरी**
**निर्देशक/सचिव, नाट्यदीप, धामपुर**

धामपुर नगर में लगभग ढाई दशक पूर्व जिस कन्वेंशन हॉल को नगर पालिका ने लीज़ पर दिया था, वह आज भी सांस्कृतिक गतिविधियों का स्थायी केंद्र नहीं बन सका। यह विडंबना ही है कि जिस नगर को तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. सच्चिनानंद पाठक ने नाट्यदीप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के मंच से 'जिले की सांस्कृतिक राजधानी' का गौरव प्रदान किया, उसी धामपुर शहर में आज तक एक भी सरकारी ऑडिटोरियम अस्तित्व में नहीं है।


डॉ. राजेंद्र चौधरी

यह केवल भवन की कमी का सवाल नहीं है, बल्कि यह उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें कला और संस्कृति को विकास की प्राथमिकताओं से बाहर कर दिया गया है। नतीजा यह हुआ कि जिले के असंख्य रंगकर्मी, लोक कलाकार, रंगमंच से जुड़े निर्देशक, अभिनेता, संगीतज्ञ और प्रशिक्षक पलायन को विवश हो गए। जिन प्रतिभाओं को यहीं मंच, प्रशिक्षण और पहचान मिलनी चाहिए थी, वे आज महानगरों या अन्य राज्यों में अपनी कला के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## कला और संस्कृति का घुट रहा है गला

प्रशासन की नाक के नीचे कला और संस्कृति का गला घुट रहा है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र मौन साधे हुए है। समय-समय पर संगोष्ठियाँ हुईं, ज्ञापन दिए गए, मंचों से मांग उठी – परिणाम शून्य। जिन सभागारों और सामुदायिक भवनों का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए हो सकता था, वे व्यावसायिक उपयोग में सिमट गए या फिर जर्जर अवस्था में पड़े हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि


मनभावन बैंकट हॉल।

यदि धामपुर वास्तव में 'जिले की सांस्कृतिक राजधानी' है, तो उसके अनुरूप स्थायी रंगमंच, आधुनिक ऑडिटोरियम, रिहर्सल स्पेस और कला प्रशिक्षण केंद्र क्यों नहीं? क्या संस्कृति केवल मंच से दिए गए सम्मान तक सीमित रह गई है? आज आवश्यकता है कि प्रशासन अपनी चुप्पी तोड़े और ठोस कदम उठाए—

- धामपुर में तत्काल एक आधुनिक ऑडिटोरियम की स्थापना
- पुराने कन्वेंशन हॉल - सभागार का सांस्कृतिक उपयोग हेतु पुनर्विकास
- स्थानीय कलाकारों के लिए नियमित मंच और रिहर्सल स्पेस

यदि अब भी अनदेखी जारी रही, तो आने वाले वर्षों में यह नगर केवल 'सांस्कृतिक राजधानी' की एक घोषणात्मक स्मृति बनकर रह जाएगा – जहां कला थी, कलाकार थे, पर व्यवस्था के अभाव में सब कुछ खो गया। नाट्यदीप संस्था वर्ष 1993 से कला – संस्कृति के उन्नयन व परिरक्षण के लिए कार्य कर रही है, इस क्रम में उपरोक्त केवल शिकायत नहीं, बल्कि चेतावनी है – क्योंकि जब संस्कृति मरती है, तो समाज की आत्मा दम तोड़ देती है।

# वीर नारियों व शौर्य पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

## समारोहपूर्वक मनाया गया सेना दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेना दिवस के अवसर पर समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री चंदन चौहान तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत (से.नि.) उपस्थित रहे। समारोह में जिलाधिकारी जसजीत कौर भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए देश की सुरक्षा में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के



योगदान, उनके शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया तथा युवाओं से राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति (स्किट) ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति की सभी अतिथियों ने सराहना प्रदान की।

समारोह के सम्मान कार्यक्रम में वीर नारियों एवं शौर्य पुरस्कार विजेताओं को सांसद चंदन चौहान, मेजर अजीत सिंह गहलोत तथा जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सम्मानित/फेलिसिटेट किया गया।

# सांसद व एसडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील सदर के सभागार में बृहस्पतिवार को सर्द मौसम के मद्देनज़र निराश्रित एवं पात्र व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद चन्दन चौहान तथा उपजिलाधिकारी सदर रितु रानी ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति सर्दी के मौसम में असहाय न रहे। वहीं उपजिलाधिकारी रितु रानी ने प्रशासन की ओर से भविष्य में भी इस तरह के राहत कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, जितेन्द्र राजपूत, नायब तहसीलदार फैसल कमर, रजिस्ट्रार कानूनगो मनमोहन देशबंदु, पवन कुमार, मुकेश चौधरी, लेखपाल रजत चौधरी, ऋषभ सिंह, राहुल राणा एवं अतुल राठी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति का पुनर्गठन

## नेमीशरण अध्यक्ष, ध्यानचंद महामंत्री चुने गये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति की बैठक आगामी संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर समिति अध्यक्ष चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता एवं महामंत्री पिंटू कुमार के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में गुरु रविदास की जयंती पर शोभायात्रा को सुव्यवस्थित अनुशासित एवं व्यापक ढंग से निकालने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। संरक्षक चंदू सिंह, नाथू सिंह, यादराम सिंह, सत्यपाल सिंह, गंगाराम सिंह, बलराम सिंह, गंभीर सिंह, धर्मपाल सिंह, घनश्याम सिंह, मुखराम सिंह, महेंद्र सिंह, सुभाष सिंह, बाबू सिंह, तेजपाल सिंह, बबलू सिंह, सतीश सिंह, जय सिंह, राजकुमार (राजू), खजान सिंह संरक्षक, नेमीशरण सिंह अध्यक्ष, चंद्रहास सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ध्यानचंद सिंह महामंत्री, पिंटू कुमार कोषाध्यक्ष, रजत कुमार उपाध्यक्ष, आकाश कुमार, दीपक कुमार (टिंकल), राहुल कुमार, कैलाशचन्द सिंह, प्रसनजीत सिंह, रोहित कुमार, आकाश, आय-व्यय पर्यवेक्षक अभिलाष कुमार, यशपाल सिंह, रोहित कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, रचित कुमार, हिमांशु कुमार, प्रशान्त कुमार, रजत कुमार, नितांशु कुमार, संयुक्त मंत्री अमित कुमार, दीपक कुमार, दिनेश कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, अनुज कुमार, आकाश कुमार, सदस्य प्रमोद कुमार, शिवम कुमार, राजेश कुमार मनोनीत किये गये।

# बिजनौर में मकर संक्रांति पर कई स्थानों पर हुआ खिचड़ी प्रसाद का वितरण



सिविल लाइन में खिचड़ी का प्रसाद वितरित करते वरिष्ठ नागरिक परिषद के सदस्य



बाल्मीकि बस्ती में खिचड़ी का प्रसाद वितरित करतीं नारी शक्ति संगठन की महिलाएं।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मकर संक्रांति के उपलक्ष में बिजनौर नगर में जगह-जगह खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश बिजनौर द्वारा सिविल लाइन्स में न्यू शिवाशीष मेडिकोज के निकट मकर संक्रांति के पावन पर्व पर धर्मवीर शर्मा, लेखा सिंह, मुकेश भाटिया, आदेश कुमारी शर्मा, हीरा देवी, बीआर मेहरा, सोमप्रकाश शर्मा, कौशल कुमार वर्मा, दिनेशचन्द्र शर्मा, अर्जुन कुमार अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, सुशीला देवी, अशोक कुमार शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सुशांत शर्मा, एड. पवन शर्मा, नीरज प्रकाश गौड़, संजीव नंदा, सार्थक शर्मा, अविरल शर्मा, राजीव



मौहल्ला चाहशीरीं में खिचड़ी का प्रसाद वितरित करते सभासद सचिन गुप्ता

गुप्ता, महेश मलिक, शैली शर्मा, महितोष शर्मा, धारा शर्मा, सुनील भारद्वाज, जगदीश शर्मा, बबीता शर्मा, अनिल कुमार शर्मा आदि ने खिचड़ी, मूंगफली, रेबड़ी का प्रसाद वितरित किया।

उधर नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने मिलकर जाटान स्थित वाल्मीकि बस्ती के पार्क में मकर संक्रांति पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन गंगा में स्नान करना लाभकारी होता है। इससे व्यक्ति के पापों का नाश होता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है, खिचड़ी दान करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। खिचड़ी वितरण करने में महामंत्री शिवानी चौहान, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, मंत्री संतोष, रिंकी मसीह, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता,भारती सिंह, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मिडिया प्रभारी माही मसीह, सदस्य पूनम शर्मा, अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा, नीलू, पूजा, ईरा, कुलदीप राजवंशी आदि उपस्थित रहे। मौहल्ला चाहशीरीं के वार्ड मेम्बर सचिन गुप्ता ने भी मकर संक्रान्ति के उपलक्ष में खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया।

# शरफुद्दीननगर में न होने से सफाई, बीमारियां फैलने की नौबत आई





**रायपुर सादात ( चिंगारी )। नगीना देहात क्षेत्र के शरफुद्दीननगर गांव में फैली गंदगी ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्राम पंचायत का इलेक्शन करीब आते ही गांव के प्रधान ने सफाई कराना बंद कर दिया। गांव की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।**

ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव को साफ रखने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। ग्रामीणों ने पंचायत और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाने, नालियों की मरम्मत कराने और कूड़ा उठाने की नियमित व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने दिल्ली में दम तोड़ा

**चांदपुर ( चिंगारी )। दस दिन पूर्व मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाने में दी तहरीर में ग्राम खानपुर खादर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र उदल सिंह ने बताया कि 6 जनवरी को उसके चाचा राम निवास अपने खेत से घर वापस लौट रहे थे, रास्ते में अज्ञात मोटरसाइकिल द्वारा टक्कर मार दिये जाने से राम निवास गम्भीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें उपचार के लिए पहले मुरादाबाद तथा वहां से दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान राम निवास की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।**

# मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी का वितरण



खिचड़ी का वितरण करते भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि व विकास राजपूत।

**नगीना ( चिंगारी )।** मकर संक्रांति के अवसर पर बहस्पतिवार की दोपहर रायपुर रोड पर स्थित एक निजी पेट्रोल पंप पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोतवाली ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत व उनके पति भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, सोहन सैनी, सुभाष सिंह, पंकज कुमार, भूपेंद्र चौहान, हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। ठाकुर विकास राजपूत व तृप्ति राजपूत ने अपने हाथों से लोगों को खिचड़ी व रेवड़ी का वितरण किया। दूसरी तरफ नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर भी खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री राजवीर सिंह, रुद्र वशिष्ठ, शिवम चोपड़ा, शक्ति चोपड़ा, प्रमोद यादव, अजमल खान आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** चार दिन पूर्व बाइक की टक्कर से घायल हुए 19 वर्षीय उजैर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक एक दुकान पर नौकरी करता था। रविवार की रात नगीना-रायपुर मार्ग स्थित एक धर्म कांटे के पास नगर के मोहल्ला कलालान निवासी 19 वर्षीय उजैर सड़क किनारे पैदल जा रहा था। बताया जाता है कि उसी समय बढ़ापुर के गांव टांडा साहुवाला निवासी रोहित कुमार अपनी बाइक से नगीना आ रहा था। रास्ते में हुए गड्ढे से बचने के दौरान बाइक चालक ने उजैर को टक्कर मार दी। इस घटना में उजैर व रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया था, जहां उपचार के दौरान रात्रि उजैर की मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# ज़रूरतमंदों को लिहाफ बांटे



**नगीना ( चिंगारी )।** मुफ्ती यूनुस चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निर्धनों और जरूरतमंदों को 200 लिहाफ वितरित किए गए। काज़ी सराय दोयम स्थित एमवाई अकादमी परिसर दीवान खाना में मुफ्ती यूनुस चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं युवा समाजसेवी एडवोकेट साइद अब्दुल्ला ने जरुरतमंदों को लिहाफ़ वितरित किए। इस अवसर पर साइद अब्दुल्ला ने कहा कि जरुरतमंदों की खिदमत एक नेक अमल है। जिससे रब भी खुश होता है और जन भी ख़ुश होता है। उन्होंने कहा कि मुफ्ती यूनुस चैरिटेबल ट्रस्ट नगीना की ओर से अवामी ख़िदमत के कार्य नि:स्वार्थ भाव से आगे भी किये जाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट साईद अब्दुल्ला कांग्रेस नेता स्व. मुफ़्ती मूनिस हुसैन के पुत्र हैं।

# व्यापारियों ने किया भण्डारा उमड़ आया बाजार सारा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मकर संक्रांति पर बाजार में व्यापारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें खिचड़ी वितरण कर सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुकेश बंसल उर्फ मोंटी ने बताया कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति को भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें व्यवस्था बनाने में व्यापारियों का सहयोग होता है। भंडारे में व्यवस्था बनाने में आशीष माहेश्वरी, नीशू अग्रवाल, आशु माहेश्वरी, सुलेमान, अरसद जमील, जामिन, युसुफ, विनय रस्तौगी, रजत रस्तौगी उर्फ सैंकी आदि रहे।



# गरीब रहे थे कांप, इनरव्हील ने बांटे लिहाफ



**स्योहारा ( चिंगारी )। नगर स्थित भारद्वाज मैटरनिटी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर इनरव्हील क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

जिसमें 100 से अधिक ज़रूरतमन्द लोगों को लिहाफ और कम्बल वितरण किए गए। इस दौरान ज़रूरतमंदों के खाने और नाश्ते का इंतज़ाम भी किया गया। क्लब की अध्यक्षा ने कहा ज़रूरतमंदों की मदद करना बड़ा पुण्य है, हमारा क्लब इसी तरह के कार्य करता है। क्लब की सेक्रेटरी रजनी भारद्वाज ने बताया कि क्लब की ओर से समाजिक कार्य लगातार होते रहते हैं, जैसे सर्दी में ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण, गर्मी में शीतल जल प्याऊ, बरसात में छाते, बच्चों की शिक्षा के लिए किताबें, ड्रेस आदि कार्य होते रहते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष बबीता रस्तौगी, सेक्रेट्री रजनी भारद्वाज, गिन्नी अग्रवाल, मानसी गुप्ता, रेनू अरोड़ा, सुरभि जैन, पर्ल रस्तोगी, अंजू जैन, सिम्मी अरोड़ा, डा. प्रियंका, डॉ. श्रद्धा शर्मा, दीप्ति जैन, सारिका गर्ग, नीना शर्मा, रेनू वर्मा सहित सहित क्लब के मेंबर और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने कॉलोनी में नहीं बनाने दिया मज़ार

## कब्र खुदवाकर निकलवाई लाश


शव को बाहर निकालकर कब्र को बंद करते ग्रामीण।


मौके पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण।


छोटा हाथी में रखकर शव को तिसोतरा ले जाते ग्रामीण।

**नांगल सोती ( चिंगारी )। ग्राम पंचायत कामराजपुर में बस्ती के समीप बन रही एक नई कॉलोनी में बिना अनुमति दूसरे गांव के व्यक्तियों ने अपने प्लॉट में अपने पिता के शव को दफनाकर मज़ार बनाने का प्रयास किया। दूसरे सम्प्रदाय के व्यक्तियों द्वारा सूचना देने पर पुलिस ने अविलम्ब मौके पर पहुंचकर बिना अनुमति मजार बनाने से रोक दिया और कॉलोनी में शव दफनाने को गलत बताया। इस पर परिजनों ने कब्र खोदकर शव बाहर निकाल लिया और बीती रात्रि अपने गांव के कब्रिस्तान में उसे सुपुर्दे खाक कर दिया। उक्त प्रकरण में पुलिस ने 21 व्यक्तियों को मुचलका पाबंद करने की कार्यवाही की है।**

क्षेत्र की ग्राम पंचायत कामराजपुर में बरकातपुर चौराहे और बस्ती के बीच एक नई कॉलोनी का निर्माण हो रहा है। उक्त कॉलोनी में सभी प्लॉट बिक चुके हैं, मगर अभी भी किसी ने अपना घर नहीं बनाया। एक प्लॉट पास के ग्राम तिसोतरा निवासी शफीक अहमद के पुत्रों ने अपने गांव की ही जन्नती पत्नी शमशाद से खरीदा था। शफीक अहमद (68 वर्ष) पुत्र अब्दुल गफूर सूफी विचारधारा से जुड़े हुए थे। यह प्लॉट उनकी इच्छा के अनुसार मरणोपरांत उनकी मजार बनाने के उद्देश्य से खरीदा गया था, ताकि वहां उनका उर्स मनाया जा सके। बुधवार को अपराहन 3 बजे लम्बी बीमारी के बाद शफीक अहमद का इंतेकाल हो गया था। बृहस्पतिवार को शफीक अहमद के शव को फूलों से सजे वाहन में तिसोतरा से कामराजपुर की उक्त कॉलोनी में लाया गया। उनके पुत्रों नईम, फईम, नदीम, वसीम एवं मुस्तकीम ने अपराहन लगभग साढ़े तीन बजे अपने प्लॉट में शव को मजार बनाने के उद्देश्य से दफना दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सूफी विचारधारा के व्यक्ति तथा ग्रामीण मौजूद थे। उनके द्वारा शव को कॉलोनी में दफनाने तथा मजार बनाने के लिये प्रशासन से अनुमति नहीं ली गयी थी। ग्राम कामराजपुर तथा आसपास के दूसरे सम्प्रदाय के कुछ व्यक्तियों ने इसका विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर थानाध्यक्ष पवन कुमार, तीन दरोगा व कुछ सिपाही तुरंत मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने कहा कि बिना अनुमति न ही मजार का निर्माण किया जा सकता है और न ही कॉलोनी में शव को दफनाया जा सकता है। इस पर शाम लगभग 5 बजे परिजनों ने कब्र खोदकर शव को बाहर निकाला और शव को छोटा हाथी में रखकर अपने गांव तिसोतरा के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक करने के लिये लेकर चले गये। बीती रात्रि शफीक अहमद के शव को गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि बिना अनुमति मजार का निर्माण किया जा रहा था, जिसे शिकायत पर रुकवा दिया गया। इस प्रकरण में 21 जिम्मेदार व्यक्तियों को मुचलका पाबंद करने की कार्यवाही की गई है। साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती है।

### पिता की इच्छा पूरी करना चाहते थे

शफीक अहमद के पुत्रों के अनुसार उनके पिता सूफी विचारधारा के थे। उनकी इच्छा थी कि मरने के बाद उनका मजार बनाया जाये, जिस पर हर वर्ष उर्स लगाया जाये। शफीक के पुत्रों के अनुसार वे अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिये मजार बनाना चाह रहे थे। प्रशासन ने ऐसा नहीं होने दिया।

### प्रकरण का निस्तारण कर दिया

कॉलोनी के समीप रहने वाले कुछ व्यक्तियों ने इस प्रकरण की मौखिक शिकायत की थी। शव को दफनाकर मजार का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा था। बिना अनुमति मजार का निर्माण नहीं किया जा सकता है। कब्रिस्तान के बजाये कॉलोनी में शव को दफ्न करना भी गलत है। नांगल पुलिस अविलम्ब मौके पर पहुंची और प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। **– नितेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद**

# ताजपुर में किसी कारण 28 दिसम्बर को नहीं हो सका लिहाफ वितरण



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल राजा का ताजपुर में 28 दिसंबर 2025 को आयोजित लिहाफ वितरण समारोह में किन्ही कारणवंश जिलाधिकारी बिजनौर और जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान बॉबी के उपस्थिति न होने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल एवं कार्यक्रम की संयोजक, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा अलीशा हुसैन सिद्दीकी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी और जनपद की लोकप्रिय जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आईएएस को उनके आवास पर जाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विनीत राजपूत, सह कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता मोनू, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राहिला परवीन उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को कल दिये जायेंगे नि:शुल्क उपकरण

**बिजनौर/बुढ़नपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा गरीब-मजदूर आदि के लिए नि:शुल्क उपकरणों के वितरण कैम्प का आयोजन कल 17 जनवरी 2026 को किया जाएगा, जिसमें नि:शुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि दी जायेंगी। यह कैम्प पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील कि सभी समय से पहुंचे।



# जंगल से महिला की स्कूटी चोरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** एक महिला की जंगल से स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव फतेहाबाद निवासी महिला दीपिका रघुवंशी बृहस्पतिवार को स्कूटी से अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। महिला का आरोप है कि जब वह चारा काट रही थी, इस दौरान बिना नम्बर की बाइक से दो अज्ञात युवक आए और उसकी स्कूटी चोरी करके ले गए। उसने शोर मचाया, लेकिन वे फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से अपनी स्कूटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी रोगियों की भीड़


चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करती डॉ. कैसर कौर।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को गुरुद्वारा के लंगर प्रांगण में तेज मेमोरियल हॉस्पिटल की ओर से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल के एमडी व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह व डायरेक्टर डॉ. जसवेन्द्र कौर की पुत्रवधू मुरादाबाद के फोटोन हॉस्पिटल की मशहूर लेडी डॉ. अश्वनी कौर व नवजात शिशु बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रहमप्रीत कौर द्वारा मरीजों का नि:शुल्क परामर्श व उपचार किया गया। शिविर में डॉ. अश्वनी कौर ने महिलाओं की अनेक बीमारियों जैसे बांझपन, बिना टांकों के ऑपरेशन, गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच, बच्चेदानी की रसौली व गांठ का ऑपरेशन, बच्चे बन्द करने का ऑपरेशन आदि के रोगों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं को परामर्श देते हुए उपचार किया, जबकि नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रहमप्रीत कौर ने नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, निमोनिया, फेफड़ों की कमजोरी और पानी आना, डेंगू, पीलिया, गुर्दे की खराबी, बच्चों में शुगर व दिमागी बुखार व सूजन आदि बीमारियों में संबंधित टीकाकरण आदि के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। चिकित्सा शिविर में करीब सौ मरीजों का उपचार किया गया तथा बीमारियों से बचने के सुझाव दिए गए। शिविर का उद्घाटन नगर की वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. कैसर कौर ने फीता काटकर किया। डॉ. गगनदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बृहस्पतिवार को उक्त चिकित्सक तेज मेमोरियल हॉस्पिटल में दो बजे से पांच बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

# गांव ढाका नानू में हाथी की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप

## वन विभाग घटना पर पर्दा डालने में लगा



ढाका नानू में मौके पर पड़ा मृत हाथी का शव।

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम ढाका नानू में एक हाथी की संदिग्ध मौत से वनविभाग में हड़कंप मच गया। वन विभाग ने मीडियाकर्मियों व किसानो को घटना स्थल तक जाने से रोकते हुए घटना को दबाने का प्रयास किया। बिजनौर वन प्रभाग के नजीबाबाद की साहनपुर रेंज के कम्पार्टमेंट नौ गांव ढाका नानू में गुरूवार को एक हाथी की संदिग्ध मौत हो गई। हाथी की रहस्यमयी हालात में मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वनविभाग के अधिकारी अंशुमान मित्तल व रेंजर राजेश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी मौके पर पहुंचे। विभाग ने मृत हाथी का शव कब्जे में लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। वनविभाग की टीम ने हाथी के शव को जेसीबी की मदद से निकलवाकर पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया। हाथी की मौत को लेकर गांव से लेकर प्रशासनिक गलियारों तक तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हाथी की मौत कैसे हुई? लेकिन वनविभाग इसका जवाब देने के बजाय मामले को दबाने में जुट गया। वनविभाग ने मीडियाकर्मियों व क्षेत्र के किसानों को घटनास्थल के अंदर जाने से रोक दिया जिससे शक और गहरा गया। किसानों का कहना था कि ऐसा करके क्या सच छिपाया जा रहा है? क्या लापरवाही या किसी साजिश से हाथी की मौत हुई? ग्रामीणों का कहना था कि अगर सब कुछ सही था तो इसमें मीडिया व किसानों को रोकने की जरूरत क्यों पड़ी? इस बात की भी जांच होनी चाहिए। वनविभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हाथी की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# बार काउंसिल ऑफ उ.प्र. के लिए गहमा-गहमी के बीच हुआ मतदान





बिजनौर (चिंगारी ) बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रथम चरण का मतदान आज यहां गहमा गहमी के बीच शुरू हुआ। प्रथम चरण के मतदान में बिजनौर जजी मुख्यालय के साथ चांदपुर, नगीना व नजीबाबाद मुंसफी में भी मतदान हुआ। प्रात: 10 बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाता अधिवक्ताओं की लम्बी लाइन लग गई थी। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। जजी गेट से अधिवक्ताओं के वाहनो को भी पुलिस ने अंदर नहीं जाने दिया, जिससे जजी चौक के आसपास जाम की स्थिति बनी रही। चुनाव अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रामवतार यादव ने मतदान के लिए बेहतर व्यवस्था बनाये रखी। जजी गेट व मतदान केंद्र के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त व शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिये पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह मतदान केंद्र का दौरा करते रहे। अधिवक्ताओं को सी.ओ.पी. कार्ड या रजिस्ट्रेशन कार्ड दिखाने पर ही मतदान के लिये जाने दिया गया। मतदान कल 17 जनवरी को भी प्रात: 10 से शाम 05 बजे तक होगा। समाचार लिखे जाने तक 25 प्रतिशत से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। मतदान के कारण अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से विरत रहे, जिससे वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



## प्रयागराज चिंतन शिविर के लिए रवाना हुए किसान

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वावधान में गुरूवार को नजीबाबाद से काफी संख्या में किसान प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर के लिए रवाना हुये। उधर भाकियू टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में 18 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शिवकुमार, सुनील, संजीव, जिला सचिव अमित, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, ज्ञान सिंह, मुकुल, सोनू, गिरिराज, प्रमोद, सूरज, विनीत, रोहित, युसूफ, रजत, सोमवीर, बलराम सिंह, अनिल चौहान, नीतू, पवन, मोनू आदि मौजूद रहे।

कैप्शन-चिंतन शिविर के लिए प्रयागराज रवाना होते किसान।

## मेजर के चिकित्सक भाई ने बचाई 13 वर्षीय बच्चे की जान

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। अलीगढ़ स्थित शेखर सर्राफ मेमोरियल अस्पताल में 13 वर्षीय चिराग का सफल एवं जीवनरक्षक ऑपरेशन किया गया। ऊंचाई से गिरने के कारण चिराग को गंभीर चोटें आई थीं। जाँच में उसकी दोनों किडनियों, अग्नाशय एवं तिल्ली में गहरी क्षति पाई गई थी तथा हीमोग्लोबिन स्तर भी अत्यंत कम था। वरिष्ठ जनरल सर्जन डॉ. अजीम फारूकी के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने समय रहते रक्त चढ़ाकर जटिल शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिससे बालक की जान बच गई। ऑपरेशन के बाद चिराग की स्थिति में लगातार सुधार हुआ, अब वह पूर्णत: स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने पूरी मेडिकल टीम के प्रयासों की सराहना की है। इस अवसर पर यह भी साझा किया गया कि डॉ. अजीम फारूकी पुत्र डॉ. रफत हुसैन व उनके बड़े भाई भारतीय सेना में मेजर दानिश फारूकी है। डॉ अजीम का परिवार ग्राम मीरमपुर बेगा (मंडावली) में भी शीघ्र ही अपने क्षेत्र में चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी।

## अबरार अहमद मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम में हुए शामिल



नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बसपा नेता अबरार अहमद एडवोकेट ने अपनी टीम के साथ मुरादाबाद में आयोजित बहन कु. मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम में शिरकत कर बहन जी की लम्बी आयु की कामना की। कार्यक्रम में अबरार अहमद के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश हितैषी, सुरेंद्र सिंह, सुरेश रवि, नंदराम प्रजापति, नरेंद्र रवि, डीपी सिंह, अजेंद्र सिंह, फारुख अंसारी, कारी शोएब, हाफिज अहसन, महबूब कस्सार, भूरे, कारी फैजुल, महबूब सदर, रिजवान, इस्माईल कस्सार, शमीम ठेकेदार, इमरान, अलीम आदि शामिल रहे।

## बहन कु. मायावती का जन्मदिन केक काटकर मनाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती का 70 वां जन्मदिन क्षेत्र के ग्राम जालपुर स्थित संत रविदास धर्मशाला में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर बसपा नेता अबरार आलम एडवोकेट का जोरदार स्वागत किया गया। अबरार एडवोकेट ने आयरन लेडी बहन कु. मायावती के जीवनमय संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बहन जी के उत्तर प्रदेश में चार बार के शासन में हुए सर्वजन हित के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर व मिष्ठान वितरित कर बहन जी का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक नरपाल सिंह एवं संचालन नरेंद्र कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी डीपी सिंह रवि, विधानसभा क्षेत्र संयोजक नरेंद्र कुमार रवि, सेक्टर अध्यक्ष अजेंद्र सिंह, महबूब कस्सार, राजेश कुमार बौद्ध, अतर सिंह, होशियार सिंह, चरण सिंह, नरेंद्र, पुष्पेंद्र, हेमलता, राधा, दामिनी, विमला, रेखा, सरिता, मुकेश नाथूराम, ब्रजवीर, सतपाल, सरवेंदर, मास्टर सतीश आदि उपस्थित रहे।

# स्योहारा की टीम ने भूतपुरी को हराकर खिताब अपने नाम किया



विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते टूर्नामेंट कमेटी के पदाधिकारी।

शेरकोट। मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर में एक बॉलीबॉल का टूर्नामेंट आयोजन किया गया। जिसमें स्योहारा की टीम ने भूतपुरी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कड़ाके की सर्दी के बीच बुधवार की रात शुरु हुए टूर्नामेंट में अफजलगढ़, कालागढ़, भनोटी,हाफिजाबाद, दुलीचंदपुर आदि सहित दस टीमों ने भाग लिया। बृहस्पतिवार की दोपहर खेले गए फाइनल मुकाबला स्योहारा और भूतपुरी की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में स्योहारा ने आसानी से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट प्रबंधन समिति के पदाधिकारी जितिन चौहान ,आकर्षित शर्मा, रजत शर्मा,अंश कुमार द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कड़के की शर्दी होने के बावजूद मेच देखने के लिए काफी भीड़ उपस्थित रही। अवनीश चौहान, नितिन शर्मा युधीश चौहान,सौरभ शर्मा,बिट्टू, पुष्पेंद्र चौहान , तेग बहादुर सिंह आदि गणमान्य लोगों ने टूर्नामेंट में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सनव्वर गलत संगत में रहता है, और मेरा कहना नही मानता है तथा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है, जिसके कारण मैंने अपने पुत्र सनव्वर को उसकी गलत हरकतो के कारण उससे सम्बध समाप्त कर उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है, उसके किसी भी कृत्य के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-इरफान पुत्र बुंदू निवासी ग्राम अकबरपुर तिगरी थाना हीमपुर दीपा तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

# स्व. भारत सिंह रावत स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

## महिलाओं में मनीक्लब एवं पुरुषों में गवाणा द्वारी विजेता रहे



विजेताओं को पुरस्कृत करती जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी रचना बुटोला।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जीआईसी रिखणीखाल के खेल मैदान में चल रही पूर्व विधायक स्व. भारत सिंह रावत स्मृति पुरूष व महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। दोनों वर्गों में 8-8 टीमों ने प्रतिभाग किया।

गुरूवार को हुए फाइनल मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी रचना बुटोला ने किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में मनी क्लब वीरा यूपी ने एमसी क्लब दिल्ली को 25-23, 25-20, 22-25, 25-12 के अंतर से हरा ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में गवाणा द्वारी ने कर्तिया की टीम को 25-17, 25-19, 25-16 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी व मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर लैंसडौन के विधायक महंत दिलीप रावत, ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेनू रावत, ब्लॉक प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सिंह सजवाण, पूर्व अपर शिक्षा निदेशक प्रदीप रावत, आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद जखमोला, धीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## गेंद को जो गिंदेरे अपने पाले में लाये, उन्होंने गेंद मेला समिति से पुरस्कार पाये

### नगर व क्षेत्र में गेंद मेले हुये समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर व आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित गेंद मेलों का बुधवार देर शाम को समापन हो गया है। भाबर क्षेत्र के मवाकोट में कलालघाटी के गिंदेरे गेंद को अपने क्षेत्र में ले जाने में कामयाब रहे। वहीं डाडामंडी में आयोजित गेंद मेले में लंगूरी पट्टी के गिंदेरे गेंद को अपने क्षेत्र में ले जाने में कामयाब रहे। भाबर क्षेत्र के अंतर्गत मवाकोट में सत्तीचौड़ व कलालघाटी के मध्य गिंदी खेली गई। करीब पौन घंटे की मशक्कत के बाद आखिर में कलालघाटी के गिंदेरे गेंद को अपने खेमे में ले जाने में कामयाब रहे। गेंद मेला समिति के अध्यक्ष कुलदीप रावत ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। वहीं डाडामंडी में गेंद मेले में गेंद मेला समिति के अध्यक्ष व गेंद मेले के संस्थापक स्व. पंडित छवाणा राम तिवारी के वंशज ओम प्रकाश तिवारी व उनके परिजन बौंठा गांव में भूमिया देवता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद ध्वज के साथ गेंद को मेला स्थल पर लाये। देर शाम तक चले संघर्ष के बाद लंगूरी पट्टी के गिंदेरे विजेता बने। इस अवसर पर मेला समिति की उपाध्यक्ष रोशनी देवी, सचिव किशनलाल, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रावत व सहसचिव मुकेश बड़थ्वाल सहित क्षेत्रीय जनता गेंद मेले की साक्षी बनी।

## योग नगरी ऋषिकेश के विकास के लिए नगर निगम की बैठक में बनाई कई योजनाएं



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश के आई.एस.बी.टी. परिसर स्थित महापौर के कार्यालय कक्ष में महापौर की अध्यक्षता में ऋषिकेश नगर शहरी नदी प्रबंधन योजना Urban River Management Plan के अंतर्गत द्वितीय बहुहितधारक कार्य समूह एम एस डब्लू जी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गंगा, रम्भा और चन्द्रभागा नदियों के संरक्षण, उनके इको-सिस्टम को बेहतर बनाने और शहर के समस्त विकास को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। महत्वपूर्ण निर्णय में गंगा, रम्भा और चन्द्रभागा नदियों के जल को स्वच्छ रखने और संजय झील के प्राकृतिक स्वरूप को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा बरसात के मौसम में बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। प्रबंधन नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए यह सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई कि शहर का कचरा किसी भी स्थिति में नदियों में न बह पाये। पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई, एसटीपी एवं मास्टर प्लान शहर की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिये गये निर्णयों और सुझावों के आधार पर एक विस्तृत ड्राफ्ट तैयार कर नमामि गंगे अग्रिम कार्यवाही और अनुमोदन हेतु शासन को प्रेषित करेगा। बैठक में गोपाल राम बिनवाल, नगर आयुक्त, चन्द्रकांत भट्ट, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम ऋषिकेश के साथ ही नमामि गंगे, जल संस्थान, पर्यटन, सिंचाई विभाग आदि उपस्थित थे।

## कोहरे का कोहराम हो अथवा शीत लहर की मार अग्निवीर भर्ती के प्रतिभागियों में जोश बरक़रार

### आज चमोली जिले के 1100 युवक कर रहे हैं प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय की ओर से गुरूवार से कोटद्वार के गबर सिंह कैंप में सेना भर्ती रैली आरंभ हो गई है। पूर्व में सेना की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षा पास अभ्यर्थियों को ही रैली में प्रतिभाग करने दिया जा रहा है। भर्ती के पहले दिन चमोली जिले के आदिबद्री, चमोली, देवाल, गैरसैण व घाट के कुल पंजीकृत 1148 युवाओं में से लगभग 1100 युवकों ने प्रतिभाग किया।

कोटद्वार में घना कोहरा लगा होने के बाद भी युवा सुबह तीन बजे से ही भर्ती स्थल पर पहुंचने लगे थे। हालांकि अत्यधिक ठंड को देखते हुए भर्ती अधिकारियों की ओर से भर्ती स्थल पर पहुंचने का समय पांच बजे कर दिया गया है। भर्ती स्थल पर युवाओं की लंबी लाइन लगी रही। इसके बाद अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच की गई, साथ ही कई युवकों का कोविड टेस्ट भी किया गया। इसके बाद ही उन्हें दौड़ व अन्य शारीरिक क्षमता जांच स्थल तक जाने दिया गया। वहीं भर्ती में शामिल होने पहुंचे युवाओं ने प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। बताते चलें कि कई संगठनों की ओर से भर्ती में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के लिए नि:शुल्क आवास व निवास व्यवस्था की गई है। आज रैली में चमोली जिले के जोशीमठ, कर्णप्रयाग, नंदप्रयाग, नारायणबगड़, पोखरी व थराली के पंजीकृत 1146 युवा प्रतिभाग कर रहे हैं।

### भर्ती में आ रहे युवाओं के लिए मोदी रसोई का शुभारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार में गुरूवार से अग्निवीर भर्ती रैली में आ रहे युवाओं के लिए भाजयुमो की ओर से मोदी रसोई और सेवा शिविर का आरंभ कर दिया गया है। गुरूवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष शांता बमराड़ा ने बताया कि आधारशिला फाउंडेशन के सहयोग से यह शिविर सेना भर्ती रैली पंजीकरण स्थल, काशीरामपुर के पास अस्थायी रूप से बनाये गये स्व. जनरल बिपिन रावत परिसर में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने रैली में आ रहे युवाओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## विद्या मंदिर में हुआ खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोटद्वार इकाई द्वारा गुरूवार को मकर सक्रांति के अवसर पर मेहरबान सिंह कंडारी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सह विभाग कार्यवाह चंदन सिंह नकोटी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक मकर संक्रांति पर सामाजिक समरसता भाव के जागरण का कार्य करता है। संघ के छह उत्सव में से एक मकर संक्रांति पर स्वयंसेवक तिल उड़द की खिचड़ी का कार्यक्रम समरसता के भाव से मनाते हैं जो समाज संगठन और सशक्तिकरण का कार्य करता है। जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि संघ की ओर से आम जन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, जिला प्रचारक कमल, जिला विभाग प्रचारक प्रमुख जितेंद्र रावत, जिला बौद्धिक प्रमुख संदीप और जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हरिद्वार से गंगा जल लेकर रवि लोधी ने शुरू की दण्डवत यात्रा



रवि लोधी द्वारा की जा रही दंडवत यात्रा

**लालढांग ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए बाबा भोलेनाथ के निराले भक्त रवि लोधी द्वारा दंडवत यात्रा कर गुरुवार को चिड़ियापुर पहुंचने पर भोले के भक्तों ने उनका स्वागत कर उनकी कुशलता जानी। वहीं रवि लोधी ने अपनी दंडवत यात्रा जारी रखी। उनके साथ चल रहे उनके दो अन्य सहयोगियों ने बताया रवि लोधी ने हरिद्वार की हर की पौड़ी से गंगा स्नान कर गंगाजल भरकर अपनी दंडवत यात्रा का शुभारंभ किया। वह दंडवत यात्रा कर फाल्गुन माह की 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर उ.प्र. के बुलंदशहर के अंकलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। भोलेनाथ के प्रति उनकी अटूट आस्था का केंद्र नजर आ रही है। हाड़ मांस को कंपकंपा देने वाली सर्दी व शीत लहर के थपेड़ों के बीच भी हर-हर भोले के जयकारे के साथ उनकी यात्रा लगातार जारी है। हाईवे पर विभिन्न यात्री वाहनों से यात्रा करने वाले उनकी ईश्वर के प्रति श्रद्धा व दण्डवत यात्रा को देखकर उनको श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए जा रहे थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# शासन स्तर पर पहुंचा पुल निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

## विधायक ओमकुमार ने सीएम से की शिकायत



नहटौर (चिंगारी)। ब्लॉक के मिर्जापुर-जमसौरा पुल निर्माण में भ्रष्टाचार की क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की है। उन्होंने लोनिवि बिजनौर के अधिशासी अभियंता हेमंत प्रताप सिंह पर भ्रष्टाचार में मिलीभगत का आरोप लगाया है। विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज ने मामले की जांच लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है। मिर्जापुर जसमौरा के ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर विधायक ओमकुमार ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और निर्माण कंपनी केएम कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट (काली सूची में शामिल) करने की मांग उठाई है। यहां यह भी बता दें कि कलाली से जसमौरा मार्ग पर स्थित गांगन नदी पर पुल नीचा होने के दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। हल्की सी बारिश में पानी आने से मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है, जिससे मिर्जापुर, कलाली, नसीबपुर, जसमौरा सहित दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क समाप्त हो जाता है। विधायक ओमकुमार के प्रयासों से पुल का निर्माण हुआ, जो क्षेत्रवासियों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। विभाग का दावा है कि पुल कई माह पहले तैयार हो चुका है, लेकिन विधायक और ग्रामीण अनियमितता का आरोप लगा रहे हैं, वहीं विभाग के अवर अभियंता नरेंद्र सिंह का दावा है कि निर्माण मानकों के अनुसार हुआ है और मौसम ठीक होते ही शेष कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।

### आज भी अधूरा है..

3 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस पुल का कार्य 22 नवंबर 2023 को शुरू हुआ था, लेकिन आज भी नाला और पुलिया का निर्माण अधूरा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि पुल का निर्माण काफी समय पहले हो चुका है, तो ग्रामीण की शिकायत पर जांच की जाएगी।

## कोहरे की मार और भयंकर सर्दी, लोगों की हालत हो गयी पतली

नांगल सोती (चिंगारी)। कोहरे-पाले की दोहरी मार ने लोगों की हालत पतली कर दी है। फसलों विशेषकर शाक-सब्जियों, गेहूं की बढ़वार ठिठक गई है। कोहरे के साथ-साथ पाले की भी जबरदस्त मार पड़ रही है। एक दिन धूप जल्दी निकल आती है, तो अगले दिन घना कोहरा आने के कारण भास्कर भगवान के दर्शन मुश्किल हो जाते हैं। कोहरे एवं पाले की संयुक्त मार से भयंकर ठंड पड़ रही है। भयंकर ठंड से जीना मुहाल हो रहा है। अधिक ठंड की मार से कुछ व्यक्तियों के हाथों, पैरों की अंगुलियों में सूजन आ गई है। जबकि कुछ लोगों की हथेलियों, पैरों में ही सूजन आ गई है। मनुष्य ही नहीं समस्त जीव-जंतु भयंकर ठंड से बेहाल हैं। उधर बारिश न होने तथा पाला पड़ने के कारण फसलों की बढ़वार भी ठिठक गई है। गेहूं की फसल में भी अपेक्षित बढ़वार नहीं हो पा रही है। जबकि शाक-सब्जियों की फसलें तो बहुत ज्यादा प्रभावित हुई हैं। किसानों जितेन्द्र सिंह, युधिष्ठिर अहलावत, अजय बालियान, रोहित कुमार, सोमवीर सिंह का कहना है कि यदि बारिश पड़ जाये, तो गेहूं की बढ़वार तेजी से होगी। किसान इस समय इन्द्रदेवता से बारिश होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## सुशांत ऐरन की पत्नी अंशु ऐरन का निधन

**हल्दौर ( चिंगारी )। सीडी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुशांत ऐरन की धर्मपत्नी श्रीमती अंशु ऐरन का आज सुबह निधन हो गया। जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय मुहल्ला रईसान निवासी सुशांत ऐरन की पत्नी श्रीमती अंशु ऐरन ( 57 वर्ष ) पिछले कुछ दिनों से फेफड़े संबंधी बीमारी से ग्रस्त थी। जिस कारण आज सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। नगरवासियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। आज दोपहर गंगा हरिद्वार घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार भी उनके निधन पर हार्दिक शोक संवेदना व्यक्त करता हैं।**


अत्यंत आवश्यक सूचना- योग्य शिक्षकों की भर्ती

**दरोगा शर्मा जी कोचिंग सेंटर**

( होमगार्ड एवं यूपी पुलिस भर्ती की प्रमाणित तैयारी संस्था ) 42 वर्षों के अनुभवी मार्गदर्शन के साथ

संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी भर्तियों की तैयारी कराने हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की तत्काल आवश्यकता है।



जिन भर्तियों के लिए शिक्षक आवश्यक हैं-

- यूपी राजस्व लेखपाल भर्ती
- यूपी पुलिस सब-इंस्पेक्टर ( दरोगा ) भर्ती
- यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती
- जेल / कारागार विभाग भर्ती
- यूपी पीएसी भर्ती
- कॉन्स्टेबल पीएसी ( महिला ) भर्ती
- फॉरेंसिक एक्सपर्ट भर्ती
- विशेष सुरक्षा बल भर्ती
- पीएससी सशस्त्र पुलिस भर्ती

उपरोक्त भर्तियों के अतिरिक्त अन्य आगामी भर्तियों की परीक्षाओं की तैयारी भी संस्थान में कराई जाएगी।

पात्रता: जिन्होंने संबंधित परीक्षाओं की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा जिनके पास विषय पर मजबूत पकड़ एवं शिक्षण अनुभव हो

वेतन: वेतन पूर्णत: अनुभव, ज्ञान एवं प्रदर्शन पर आधारित होगा।
( योग्य उम्मीदवारों के लिए आकर्षक वेतन )

पता- दरोगा शर्मा जी कोचिंग सेंटर, निकट थाना किरतपुर,
लक्ष्मी नगर, टीचर कॉलोनी, किरतपुर, ज़िला बिजनौर

**संस्थापक एवं निदेशक: भुवनेश्वर शर्मा**
रिटायर्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर, उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग
( पूर्ण मार्गदर्शन, मॉनिटरिंग एवं सपोर्ट उपलब्ध )

संपर्क करें ( एडमिशन / नियुक्ति हेतु )
मोबाइल : 8923308842 व्हाट्सऐप : 8126311314



गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor